बाल भारती पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा
अधिन्यास पत्र - कक्षा- पाँचवी
विषय : कविता . उपविषय : "नव इतिहास रचाएँगे"

पाठ-1 - "नव इतिहास रचाएँगे" (केवल पठन एवं वाचन)
कवि : श्री श्याम सुंदर श्रीवास्तव

उद्देश्य ::

- बच्चे इस देश का भविष्य हैं। यदि बच्चे ठान लें, निश्चय कर लें तो अपने देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

भाव ::

- बच्चे भले ही नन्हें हों पर धुन के पक्के होते हैं। जो ठान लें, निश्चय कर लें वह करके ही रहते हैं।
- अपनी विद्या, बुद्धि के बल से बच्चे बड़े-से बड़ा कार्य करने की क्षमता रखते हैं।
- बच्चे चाहें तो उन सभी का सहारा बन सकते हैं जो हमारे आस-पास किसी न किसी कारण से अभावों में जी रहे हैं।
- हमारा देश बहुत समृद्ध है। भिन्न धर्मों

Scanned with CamScanner

भाषाओं वाले देश में सभी मिल कर रहते हैं।

- यदि बच्चे निश्चय कर लें तो भारत के गौरव की नई कहानी लिख सकते हैं।

भाव :

बच्चे भी यदि चाहें तो बड़े लोगों की तरह अपने देश के लिए अच्छे कार्य कर सकते हैं।

अब आपकी बारी :

- कविता को ऊँचे स्वर में बोलते हुए याद करिए।
- अपने जैसे किसी नन्हे वीर बालक /बालिका की जानकारी जुटाएँ व एक A-4 शीट पर चार-पाँच वाक्यों में लिखें। चित्र चिपकाएँ

Scanned with CamScanner

1 नव इतिहास रचाएँगे

पाठ-प्रवेश

- बच्चो, क्या आप जानते हैं कि आप भी बड़े लोगों की तरह ही अपने देश के गरीब, शोषित और पीड़ि लोगों के लिए बहुत अच्छे-अच्छे कार्य कर सकते हैं।
- तो आइए, इस कविता-पाठ के द्वारा जानते हैं कि आप सभी नन्हे-मुन्ने बच्चे क्या-क्या अच्छे का कर सकते हैं।



हम बालक हैं वीर साहसी
आगे बढ़ते जाएँगे,
सजग सोच और श्रम से अपने
नव इतिहास रचाएँगे।

धुन के पक्के, मन के सच्चे,
माँ हम छोटे-छोटे बच्चे,
विद्या, बुद्धि, पराक्रम दे दो
करें काम हम अच्छे-अच्छे।

जो निर्धन हैं, जो निर्बल हैं
इस समाज में जो दुर्बल हैं,
जो शोषित या पीड़ित हैं
सदा चाहते जो संबल हैं,
उनके संबल सहारे बनकर
अपने गले लगाएँगे।

अपनी धरती, आली धरती
खनिज संपदा वाली धरती,
भिन्न संस्कृति, भिन्न भाषाएँ
भिन्न-भिन्न धर्मों वाली धरती।

पावन धरती अपनी माता
यश, वैभव, सुख, बल की दाता,
माँ से प्रगति प्रेरणा लेकर
सतत बाल दल बढ़ता जाता,

भारत माँ की गौरव गाथा
ऊँचे स्वर में गाएँगे,
नव इतिहास रचाएँगे।

—*श्याम सुंदर श्रीवास्तव 'कोमल'*

Scanned with CamScanner

माइंड मैप

1. कौन रचाएँगे?
भारत के बच्चे

2. कैसे रचाएँगे?
कठिन श्रम और सजग सोच से

3. क्या करेंगे?
अच्छे काम, गौ
गाथा गाते हुए
इतिहास रचाएँ

4. क्या देती है धरती माता?
यश, वैभव, सु
और बल

5. कैसा है देश?
भिन्न संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओंवाला

6. किनका साथ देंगे?
निर्धन, निर्बल, शोषित, पीड़ित का

7. क्या चाहिए?
विद्या, बुद्धि और पराक्रम

Scanned with CamScanner